an>

title: Need to provide clean drinking water to residents of Haridwar in Uttarakhand.

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक (हरिद्वार): महोदया, मैं आपका ध्यान हरिद्वार संसदीय क्षेत्र के शहरी/ग्रामीण इलाकों में दूषित पेयजल द्वारा होने वाली गंभीर बीमारियों की तरफ दिलाना चाहता हूँ।

महोदया, हरिद्वार जो कि योग और अध्यात्म की अंतर्राष्ट्रीय राजधानी के रूप में विख्यात है, आज दूषित पेयजल के गंभीर संकट से गुजर रहा है। जनपद हरिद्वार में लोग दूषित पेयजल पीने को मजबूर हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग विभिन्न प्रकार के रोगों से ग्रस्त हैं। हरिद्वार जिले का खानपुर ब्लॉक विशेष रूप से प्रभावित है। भारूवाला, कर्णपुर आदि गाँवों के सैंकड़ों लोगों के हेपेटाइटिस-सी से ग्रसित होने की पुष्टि हुई है। सभी लोग आर्थिक रूप से अत्यंत पिछड़े हैं और महँगा इलाज करवाने में सर्वथा असमर्थ हैं। रक्त परीक्षण कराने के लिए भी इन्हें महंगे निजी चिकित्सालयों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

महोदया, इस सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि जनपद हरिद्वार के पेयजल का परीक्षण करवाकर उसकी गुणवत्ता में सुधार किए जाने हेतु तुरन्त व्यापक कदम उठाये जाएं। इसके अतिरिक्त समस्त पीड़ित व्यक्तियों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवा भी उपलब्ध करायी जानी चाहिए।...(व्यवधान)